आरएसएस के पूर्व प्रचारक ने की 9 दिसंबर से अन्न जल त्याग करने की घोषणा

▶ एक युवा के आत्मदाह करने की बात से मन हुआ विचलित

सिहोरा, नवभारत। खून के दिए और भूमि समाधि सत्याग्रह के बाद अब सिहोरा जिला का मामला अब अन्न जल त्यागने की घोषणा तक पहुंच गया है।आरएसएस के पूर्व प्रचारक सिहोरा निवासी प्रमोद साहू ने पत्रकार पत्रकार वार्ता में घोषणा की कि 9 दिसंबर से वे सिहोरा जिला की मांग को लेकर अन्य जल त्याग देंगे।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा सिहोरा में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू शामिल हुए थे।

शौर्य दिवस से करेंगे शुरुआत

पत्रकार वार्ता में प्रमोद साहू ने कहा कि वे शौर्य दिवस 6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से अपने घर में आमरण सत्याग्रह तथा सद्बुद्धि यज्ञ प्रारंभ करेंगे ।इस दौरान वे केवल जल ग्रहण करेंगे ।तीन दिनों तक यज्ञ करने के उपरांत 9 दिसंबर दोपहर 3 बजे से वे जल का भी त्याग कर देंगे। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि 9 दिसंबर को दोपहर 11:00 से 12:00 के मध्य सिहोरावासी बस स्टैंड सिहोरा में एकत्र हो।

नागरिक के रूप में निर्णय

पत्रकार वार्ता में पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने कहा कि उनकी पहचान राष्ट्रीय स्वयं सेवक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में है परंतु मेरा यह निर्णय सिहोरा के एक नागरिक के रूप में लिया गया निर्णय है। सिहोरा भारत का नाभि केंद्र है संपूर्ण देश में जो भी होता है उसका संबंध सिहोरा से अवश्य होता है।

युवा की बात से हुई वेदना

पत्रकार वार्ता में पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने कहा कि सिहोरा निवासी एक युवक उनके पास आया और अत्यंत भावुक हो कहा कि आखिर कब तक इस तरह आंदोलन करते रहेंगे। अब मैं कुछ धमाका करना चाहता हूं। उसे युवा ने स्वयं को एक बड़े कार्यक्रम में आत्मदाह करने की बात कही। उसकी इस बात को सुनकर मेरा हृदय अत्यंत व्यथित हुआ ।मैंने उसे ऐसा न करने हेतु समझाया, पर इस वेदना ने मेरे हृदय में इस भाव को जन्म दिया और मैं इस निर्णय तक पहुंचा।

दहेज लोभियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर में रहने वाली महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, सास, ससुर, ननद, नंदोई के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि श्रीमति अम्रता शर्मा 21 वर्ष निवासी श्रीराम कालोनी शास्त्रीनगर ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 6-3-24 को हिन्दू रीति रिवाज से श्रीराम कालोनी शास्त्रीनगर निवासी संतोष शर्मा के साथ अदिति गार्डन सगड़ा रोड़ शास्त्रीनगर से हुयी थी शादी के कुछ समय बाद पति संतोष शर्मा, ससुर शिवकुमार शर्मा, सास सुशीला शर्मा एवं ननद वर्षा शर्मा, नंदोई मनीष शर्मा, निशा शर्मा एवं नंदोई आकाश शर्मा द्वारा मानसिक रूप से परेशान कर मारपीट करते हैं एवं बोलते हैं कि शादी में तुम्हारे पिता द्वारा 5 लाख रूपये, दुपहिया वाहन तक नहीं दिये हैं इस प्रकार सभी आये दिन मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

शहपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला

▶ ग्रामीणों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा (मिटौनी) नगर एवं आसपास के सैकड़ों ग्रामों में बड़ी संख्या में फर्जी चिकित्सक खुलेआम क्लीनिक चला रहे हैं और ग्रामीणों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि बिना डिग्री वाले व्यक्ति ऐलोपैथी पद्धति से इलाज कर रहे हैं और स्वयं ही दवाओं की बिक्री भी कर रहे हैं। वहीं, कई पैथोलॉजी लैब्स और सोनोग्राफी सेंटर्स मनमाने शुल्क वसूल रहे हैं। आवेदन में मांग की गई है कि प्रशासन जांच कर पैथोलॉजी टेस्टों की दरें निर्धारित करे। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ शासकीय चिकित्सक निजी क्लीनिकों में शासकीय दवाओं का विक्रय कर रहे हैं। कई आयुर्वेदाचार्य भी अपने नाम के आगे डॉ. लिखकर एलोपैथी उपचार कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई मेडिकल स्टोर्स बिना रजिस्ट्रेशन और बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं। कुछ जगहों पर डुप्लीकेट दवाओं की बिक्री की शिकायत भी की गई है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि शहपुरा (भिटौनी) क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर एक ही सिरिंज से कई मरीजों को इंजेक्शन लगा रहे हैं, जिससे गंभीर संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि इन फर्जी डॉक्टरों, अवैध क्लीनिकों और दवा दुकानों पर शीघ्र कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

मझौली में होगा माँ अम्बा सतचंडी महायज्ञ

मझौली, नवभारत। विश्व धरोहर स्थल मझौली में माँ अम्बा सतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह पावन अनुष्ठान पंद्रह जनवरी से सत्ताईस जनवरी तक बाजार प्लाटर मझौली में आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ दद्दा श्री महाराज जी के पावन सान्निध्य एवं तत्वाधान में संपन्न होगा। भागवत कथा यज्ञ के,यज्ञाचार्य एवं भागवत कथा व्यास स्वामी दत्त महाराज कोनी वाले महाराज होंगे । उप यज्ञाचार्य प. राजीवलोचन,वाचन राजीव तिवारी करेंगे, जबकि यज्ञाचार्य रहेंगे पं. राजीव लोचन तिवारी।तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। आयोजक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से माँ अम्बा के आशीर्वाद हेतु सम्मिलित होने का सादर आमंत्रण दिया है।

छात्रावासों में लाइट की समस्या को करें दूर : कलेक्टर

▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े विषयों से संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सड़कों की मरम्मत व सुधार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, स्कूलों की साफ-सफाई व पुताई, खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपल, खाद्यान्न का उठाव व वितरण, खाद्यान्न दुकानों का सत्यापन, अन्नदूत योजना का क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिन खाद्यान्न दुकानों में सत्यापन के दौरान खाद्यान्न में कमी पाई गई, वहां वसूली की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस गरिमामय रूप से मनाया जाये, इसमें लोकतंत्र सेनानियों को आमंत्रित किया जाये। साथ ही समाज के सभी वर्गों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित कराना है। बैठक में सांसद खेल महोत्सव व संभागीय कमिश्नर के द्वारा की जाने वाली समीक्षा के विषय वस्तु पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान विभागवार लंबित पत्रों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण भी तत्परता से करें। उन्होंने पेंशन प्रकरण, एमडीएम व साझा चूल्हा, राशन उठाव, धान व कोदो कुटकी उपार्जन की तैयारी व इसके लिए एसएसजी को तैयार करने व उनकी ट्रेनिंग, खाद वितरण, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन तथा टेकहोम राशन आदि के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी शासकीय भवन हैं, उनमें विशेष रूप से स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावासों में साफ-सफाई व सुरक्षा, के मापदंडो के साथ सेप्टिक टेंक की जांच करायें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में लाइट की समस्या को दूर करने के लिए भी प्रभावी कदम उठायें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे।

मतदाता जागरूकता पर प्रश्नमंच का आयोजन

पनागर, नवभारत। शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को मतदाता जागरूकता (स्वीप गतिविधि) संबंधी प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता सुनिश्चित की।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दुर्गेश कुर्मी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा द्वितीय स्थान पर अन्य पटेल बी.एस.सी. तृतीय वर्ष चयनित हुए। निर्वाचन कार्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार दोनों प्रतिभागी 1 नवंबर 2025 को प्रगत महाविद्यालय जबलपुर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. महोबिया एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. के. जैन के कुशल नेतृत्व में किया गया। क्विज के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अनिल यादव प्रभारी द्वारा एवं मंच संचालन डॉ. कमलेश मौर्य द्वारा किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा।

बीएलए और बीएलओ करेंगे घर-घर सर्वे

▶ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियाँ तेज़

नवभारत,जबलपुर। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करना आवश्यक है और उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने बताया कि बीएलओ और बीएलए प्रशिक्षण 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक होगा, जबकि घर-घर सर्वे का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक संपन्न किया जाएगा।

दावे, आपत्ति और अंतिम सूची

प्रारूप मतदाता सूची 9 दिसम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियाँ 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएँगी। नोटिस और सुनवाई 9 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक होगी, और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी।

राजनीतिक दलों की भागीदारी

बैठक में राजनीतिक दलों की ओर से ओम दुबे, फिरोज ठाकरे, रामेश्वर गिरी, अंजना कुररिया, नितिन सक्सेना, योगेन्द्र सिंह राजपूत, नरेश चौधरी, प्रकाश गौतेल और रामसेवक बिरहा उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी से अनुरोध किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बीएलए नियुक्त करें और आवश्यक होने पर जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

जादू टोना के शक में महिला को बेरहमी से पीटा

जबलपुर। लार्डगंज में जादू टोना के शक में पड़ोसियों ने एक महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल महिला को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गौरी पटैल निवासी लार्डगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पड़ोसी गोविंद पटेल आया और सडक पर पानी बहने को लेकर चिल्ला कर कहने लगा की इन्ही लोगों ने पानी फेंका होगा। अभद्रता कर कहने लगा कि जादू टोना करती है इसी कारण से पिता की तबीयत खराब है इसके बाद उसके साथ झूमा झटकी मारपीट करने लगा उसी समय रामेश्वर पटेल भी आ गया और शिवानी पटेल व उसके पति सतेन्द्र पटेल भी आ गये सभी ने मिलकर हाथ घूसा से मारपीट किये जिससे उसे चोटें आ गई। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर सभी चले गए। उसे इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया।

झोलाझाप डॉक्टरों पर कसा जाये शिकंजा

▶ युकां ने सीएमएचओ से की मांग

जबलपुर नवभारत। युवा कांग्रेस ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय मिश्रा को शिकायत करते हुए झोलाझाप डॉक्टरों पर शिकंजा करने की मांग की है।

नगर अध्यक्ष विजय रजक ने बताया कि छिंदवाड़ा में कुछ दिन पहले ही झोलाछाप डॉक्टरों की गलती से 28 बच्चों ने अपनी जान गवां दी थी, डॉक्टर तो जेल चले गए लेकिन कुछ परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छिन गई, जबलपुर में भी हर महीने दर्जनों लोगों की फर्जी डॉक्टरों के गलत इलाज से लोग जान गवां रहे हैं, जबलपुर शहर में हजरों क्लीनिकों में एलोपैथी पद्धति(अँग्रेजी दवाओं) से वो डॉक्टर इलाज कर रहे हैं जिन्हें एलोपेथी का कोई नॉलेज नही है होम्योपैथी व आयुर्वेद की डिग्री लेकर ये फर्जी डॉक्टर रोज हजारो मरीजो की जान से खेलते है इस दौरान नगर अध्यक्ष विजय रजक, शुभम रजक, सुमित गुप्ता, मोहित सुफेले, लखन श्रीवास्तव, अभिषेक दहिया, देवेंद्र काली, गोविंद रजक, अमन प्रजापति, शुभम, ओम प्रजापति, गगन सिसोंधिया, लक्की सुफेले आदि लोग उपस्थित थे।

कॉफी विद एक्सपर्ट का कार्यक्रम कल

जबलपुर। नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में कॉफी विद एक्सपर्ट कार्यक्रम का आयोजन 30 अक्टूबर को सायं 4 बजे से किया जाएगा। इस बार के कॉफी विथ एक्सपर्ट का कार्यक्रम सोशल मीडिया में स्वरोजगार के अवसर पर केंद्रित रहेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार कॉफी विथ एक्सपर्ट्स के इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया क्षेत्र के सफल उद्यमी, उद्योग विभाग, एमपी जीएसटी विभाग के अधिकारी, वित्त सलाहकार एवं अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे तथा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे।

दो ई रिक्शा ले गए चोर

जबलपुर। बेलबाग थाना क्षेत्र से चोर दो ई रिक्शा चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक नरेश विश्वकर्मा 52 वर्ष निवासी भानतलैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी आदित्य ई रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट के नाम से उसकी दुकान भानतलैया शराब दुकान के पास है चार्जिंग के लिये मोनू बेन ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 5036 उसकी दुकान मे चार्जिंग के लिये लाया था दुकान के बाहर खड़ा कर दिया था जिसे चोर चुराकर ले गया। इसी प्रकार पप्पन सोनकर का ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आर ए 0599 भी चोर चुराकर ले गए है।

सारांश का सायना इंटरनेशनल सैनिक स्कूल में चयन

▶ मेहनत और लगन से मिली सफलता

सिहोरा, नवभारत। नगर के वार्ड क्रमांक 10 मैंना कुआ निवासी सौरभ दहायत के पुत्र सारांश दहायत का चयन सायना इंटरनेशनल सैनिक स्कूल, कटनी में कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। सारांश अब तक शालेम इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा में अध्ययनरत रहे। अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से उन्होंने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है।उनकी सफलता पर दादा राजन प्रसाद दहायत, दादी संध्या दहायत और मां सपना दहायत सहित समूचे नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सारांश के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

CHANGE OF NAME

I, Luv Kumar Sahu S/o Mahendra Sahu, R/o 12, Naya Bajar No. 05, Bharat Ward No. 21, Damoh Khas Tehsil And Dist. Damoh MP 470661, do hereby solemnly affirm and declare as under:- 1. That I am Citizen of India. 2. That the name of my father has been wrongly written as Mahindra kumar Sahu in my 10th and 12th class Educational Documents The actual name of my father is Mahendra Sahu. 3. That in future my father should be known as Mahendra Sahu. 4. That the above statements are true and correct.

अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

▶ जनसुनवाई में आये 170 आवेदन

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 170 आवेदन दिये। जिसमें 118 नये आवेदन हैं तथा 52 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर पात्रता पर्ची व राशन दुकान बदलने, छात्रवृत्ति दिलाने, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, पेंशन, पीएम किसान योजना में शामिल करने, आर्थिक सहायता, संबंल योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता, समग्र आईडी आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नरसिंहपुर

क्रमांक/निविदा/2025/3524 — नरसिंहपुर, दिनांक : 24/10/2025

निविदा विज्ञप्ति

कार्यालय सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में अस्पताल प्रबंधन की आवश्यकताओं हेतु रोगी हित में रंगाई पुताई, एल्यूमिनियमवर्क, आयरन/स्टील वर्क आदि सिविल कर्य हेतु निविदा आमंत्रण 2025-26 व 2026-27 हेतु योग्य निविदाकारों से निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई शर्तों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 व 2026-27 हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	सुरक्षा निधि	निविदा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा कार्यालय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में खोलने का दिनांक एवं समय
जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में अस्पताल प्रबंध की आवश्यकताओं हेतु रोगी हित में रंगाई पुताई, एल्यूमिनियमवर्क, आयरन/स्टील वर्क आदि सिविल कार्य हेतु निविदा आमंत्रण 2025-26 व 2026-27	रूपये 20000.00 अंकन बीस हजार रूपये मात्र।	दिनांक 05/11/2025 को 17 बजे तक	अनिवार्य सबमिशन लिफाफा क्रमांक-अ, दिनांक 27/11/2025 तकनीकी प्रस्ताव लिफाफा क्रमांक-ब, दिनांक 27/11/2025 निविदा खोले जाने की दिनांक INFORM LATE BY MP-TENDER

3. निविदा प्रपत्र दिनांक 05/11/2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 27/11/2025 को अपरान्ह 5:00 बजे तक म.प्र. शासन के ई-टेण्डर पोर्टल की वेबसाईटड https://mptenders.gov.in/ से वापिसी अयोग्य 1000.00 रूपये अंकन (एक हजार रूपये) ईपेमेन्ट कर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
4. निविदा मान्य करना/बिना किसी कारण निरस्त करने के समस्त अधिकार अद्योहस्ताक्षकर्ता के पास पूर्णतः सुरक्षित रहेगें।

जी-20616/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता — सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, नरसिंहपुर

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर–482001,
E-mail: crld.rojabalpur@unionbankofindia.bank

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को ''जहां है जैसा है'' और ''जो कुंछ भी है'' के आधार पर दिनांक **दिनांक 14.11.2025, दोपहर 11:00 बजे से शाम 05:00** बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	बकाया राशि (रू.)	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं.
1.	श्री राजकुमार मौर्य, पिता बलराम मौर्य पताः नामदेव गली, जल्प देवी वार्ड, मुरवारा, कटनी, मध्य प्रदेश – 483501 पताः प्लॉट नंबर 02, महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी, जिला कटनी, मध्य प्रदेश – 483501	मौजा – महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी में पीसी नंबर 29/46, एन.बी. नंबर 223, आरएनएम – पहाड़ी में स्थित प्लॉट नंबर 02 वाली अचल संपत्ति का वह हिस्सा, जो खसरा नंबर 1303/1, 1303/8, 1304/2 का हिस्सा है और राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरण के बाद खसरा नंबर 1303/11 आवंटित किया गया है। कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट। (संपत्ति का विवरण बिक्री–हस्ताक्षर पत्र संख्या MP208052019A1037566 दिनांक 16.01.2019 में दिया गया है) उत्तर में: प्लॉट नंबर 03, दक्षिण में: प्लॉट नंबर 1, पूर्व में: कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में: प्लॉट नंबर 13।	रू. 9,60,554.95/- + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे	Rs. 9,20,000/- Rs. 92,000/-	अमित कुमार 9999262491
2.	मेसर्स मनीष पॉल्ट्री ट्रेडर्स स्व. श्री राजेश पाण्डेय की संपत्ति, प्रो: श्रीमती मनीषा पाण्डेय श्री राजेश पाण्डेय की पत्नी और अन्य, पताः 1311, फ्लैट नंबर 606, टावर 4, आस्था नगर, बनारसी दास भनोट, वार्ड नर्मदा रोड, ग्वारीघाट, जबलपुर।	मौजा कालगोड़ा, प्लॉट नंबर 90, पीसी नंबर 52 (नया 77), आरआई सर्कल खमरिया में स्थित भूमि और भवन की यह संपत्ति। खसरा नंबर P II 182 (म्यूटेशन के बाद P II 182/2), डायवर्जन खसरा नंबर 182/2, क्षेत्रफल 0.14 हेक्टेयर। उत्तर में: श्री राम गोपाल की संपत्ति, दक्षिण में: सड़क, पूर्व में: देवकरण झारिया की संपत्ति, पश्चिम में: कामता प्रसाद की संपत्ति।	रू. 15,77,915.00 + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे	Rs. 17,22,000/- Rs. 1,72,200/-	श्री प्रशांत शुक्ला 7987007959

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 28.10.2025

प्राधिकृत अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया